सुविचा जीवन में आगे बढ़ना है तो ऊँचा सोचे। डीजिटल संस्करण https://sbpatra.in पर उपलब्ध

सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - १ | अंक - १ ३ | १०/०६/२०२४ | पृष्ठ - ४ | प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

## लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम

एग्जिट पोल के अनुमानों के बाद आए लोकसभा चुनाव के नतीजों ने जरूर कई लोगों को चौंकाया होगा। नतीजों ने बताया कि राजनीतिक पंडित कितने भी गुणा-गणित और विश्लेषण कर लें, कई बार वे जनता का मूड भांपने में गलती कर जाते हैं।

यूपी ने चौंकाया

इनमें भी सबसे अधिक हैरान किया ८० सीटों वाले यूपी ने। २०१४ और २०१९ में बीजेपी को केंद्र की सत्ता तक पहुंचाने में इस राज्य ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी। इस बार यहां बीजेपी और इंडीया . में करीब-करीब बराबरी का मुकाबला दिखा, जिसकी उम्मीद शायद ही किसी को थी।

क्षेत्रीय दलों की वापसी

बिहार, कर्नाटक और बंगाल में भी बीजेपी को नुकसान उठाना पड़ा। इनमें से बिहार और कर्नाटक में पार्टी ने पिछले चुनावों में बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया था। इन चुनावों में कई रीजनल पार्टियों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। इसी तरह एनडीए के घटक दलों को भी नई ऑक्सिजन मिली है। उनकी बारगेनिंग पावर बढ़ गई है।

बीजेपी के लिए मायने

सीटों के लिहाज से बीजेपी को भले ही नुकसान हुआ, लेकिन लगातार तीसरी बार वह सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। ओडिशा और तेलंगाना में पार्टी ने प्रदर्शन से सबको सरप्राइज किया। ओडिशा में लोकसभा ही नहीं, विधानसभा में भी पार्टी ने बीजू जनता दल का २४ साल से चला आ रहा वर्चस्व तोड़ा। वहीं, गुजरात और मध्य प्रदेश ठश्रच के गढ़ बने हुए हैं, जबकि देश की सियासत में अब भी ब्रैंड मोदी सबसे बड़ा है।

कांग्रेस का उभार

पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पास इतनी भी सीटें नहीं थीं कि वह सदन में विपक्ष का आधिकारिक दर्जा हासिल कर सके। लेकिन, कांग्रेस ने वापसी कर जाहिर कर दिया कि देश में बीजेपी को टक्कर देनी है तो उसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। इस चुनाव में कांग्रेस ने कई जगह गठबंधन में छोटे भाई की भूमिका निभाई। लेकिन,इंडीया को जितनी सीटें मिलीं, उससे पार्टी का कद जरूर बढ़ेगा।

## सपा से अखिलेश यादव छोडेगे विधान सभा सीट अब करेंगे दिल्ली की राजनीति

अखिलेश यादव ने सभी संसदो कि मोजुदगी में विधानसभ छोडने का किया एलान



कन्नौज से सांसद का चुनाव जीतने के बाद अखिलेश यादव ने अपनी विधानसभा करहल को छोड़ने का निर्णय लिया है। इसकी घोषणा उन्होंने सांसदों से मीटिंग के बाद शनिवार को लखनऊ में की। यानी, अब अखिलेश दिल्ली की राजनीति करेंगे। अखिलेश ने 2022 में मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था। जीत के बाद आजमगढ़ के सांसद पद से उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। आजमगढ़ मे उपचुनाव हुए, उसमें भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ ने जीत दर्ज की थी। अखिलेश ने सपा के सभी जीते हुए सांसदों को शनिवार को लखनऊ बुलाया। इसमें अखिलेश समेत 37 सांसद शामिल हुए। मीटिंग में मंथन के बाद उन्होंने विधानसभा सीट छोड़ने का ऐलान किया।

## राष्ट्रपति ने मोदी को दिया नई सरकार बनने का निमंत्रण , 9 जून को शपथ ग्रहण

मोदी ने कहा १८ वी लोकसभा कुछा कर गुजरने वाली रहेगी।



नरेंद्र मोदी को शुक्रवार 7 जून को नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस की संसदीय दल का लगातार तीसरी बार नेता चुना गया। पुराने संसद के सेंट्रल हॉल में सुबह 11 बजे शुरू हुई मीटिंग में के 13दलों के नेता शामिल हुए। बैठक में के सभी 293 सांसद, राज्यसभा सांसद और सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी ब्ड मौजूद थे। इसके बाद ने दोपहर 3 बजे सरकार बनाने का दावा पेश किया। गठबंधन के नेताओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को समर्थन का पत्र सौंपा। बैठक के बाद मोदी भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से उनके घर जाकर मिले। इसके बाद पीएम शाम को 6 बजे राष्ट्रपति से मिलने पहुंचे। राष्ट्रपति ने उन्हें सरकार बनाने का न्योता दिया। बाद मोदी ने कहा कि 18वीं लोकसभा नई ऊर्जा और कुछ कर गुजरने वाली लोकसभा रहेगी।

## बांगल सीएम ममता बेनर्जी ने कहा की कई बार सरकार एक दिन भी चलती है एसा नही की हम कभी भी सरकार बनने का दाव नही करेंगे।

ममता ने कहा जो लोग ४०० पार के दोवे करते थे। व अपने दम पर बहुमत भी नही ला सके।



ममता बनर्जी ने भाजपा पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग 400 सीटों की बात करते थे, वे अपने दम पर बहुमत भी नहीं ला सके। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संकेत दिए हैं कि INDIA ब्लॉक कभी भी केंद्र सरकार की बागडोर अपने हाथ में ले सकती है। भाजपा पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग 400 सीटों की बात करते थे, वे अपने दम पर बहुमत भी नहीं ला सके। ऐसा मत सोचिए कि प्छक्प्। ब्लॉक ने अभी तक सरकार बनाने का दावा पेश नहीं किया है तो कभी नहीं करेगा। हम बस इंतजार कर रहे हैं क्योंकि चीजें बदलती हैं। आखिरकार सरकार प्क्ी ही बनेगी, लेकिन उन्हें कुछ दिन सरकार चला लेने दीजिए। कई बार सरकारें एक ही दिन टिकती हैं। कुछ भी हो सकता है, कौन जानता है कि ये सरकार सिर्फ 15 दिन चले।

ये बात उन्होंने शनिवार को तृणमूल पार्लियामेंट्री पार्टी की मीटिंग में कही। ममता ने कहा कि वे नई सरकार के शपथ–ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा गैर–लोकतांत्रिक और अवैध तरीके से सरकार बना रही है। उनकी पार्टी छव। सरकार बनते देखगी और अपनी बारी का इंतजार करेगी।

## मनोज जारंगे फिर कर सकते है अमरण आरक्षण

आरक्षण नही मिला तो विधनसभ चुनाव लडेगे

मराठा आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर उठ गया है। मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे फिर से आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। उनका कहना है कि अगर इस बार मराठा आरक्षण नहीं मिला तो वे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा, ष्अगर हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो हम आने वाले विधानसभा चुनाव में सभी 288 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे। इसमें सभी जाति और धर्म के उम्मीदवार शामिल होंगे। तो इसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। उसके बाद, सरकार के पास बात करने के लिए कोई जगह नहीं होगी।ष

मनोज जरांगे पाटिल जालना के अंतरवाली सैराट गांव में आमरण अनशन पर बैठे हैं। हालांकि, पुलिस ने उन्हें अनशन की इजाजत नहीं दी है। लोकसभा चुनाव से पहले भी दो बार (20–27 जनवरी और 10–26 फरवरी) मनोज जारंगे ने भूख हड़ताल की थी। तब महाराष्ट्र सरकार ने कुछ शर्तें मानकर अनशन खत्म करवा दिया था।

## महाराष्ट्र में बारिश-बिजली से एक हफ्ते मे आठ की मौत राजिस्थान में तुफान से चार की मौत

मौसम विभाग ने आँधी का एलंट जारी करा।



देश के दक्षिणी राज्यों को कवर करने के बाद छत्तीसगढ़ में शनिवार (8 जून) को मानसून की एंट्री हुई। मौसम विभाग के मुताबिक आज मानसून महाराष्ट्र के दक्षिणी इलाकों, तेलंगाना, दक्षिणी छत्तीसगढ़, दक्षिणी ओडिशा और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में दाखिल हो गया है।केरल के कालीकट एयरपोर्ट पर खराब मौसम के कारण शनिवारदुबई से आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ्लाइट को कोच्चि डायवर्ट कर दिया गया। एयरलाइन सूत्रों ने बताया कि 173 यात्रियों के साथ एआई एक्सप्रेस की फ्लाइट सुबह 2.47 बजे कोच्चि एयरपोर्ट पर उतरी। करीब सात घंटे बाद सुबह करीब 9 30 बजे फ्लाइट कोच्चि से कालीकट रवाना हुई। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा में पिछले एक हफ्ते से बारिश के कारण आई बाढ़ और बिजली गिरने से 8 लोगों की मौत हो गई है। इनमें से 6 की मौत बिजली गिरने से हुई है। मराठवाड़ा में 113 जानवरों की मौत की भी सूचना है। लातूर में एक महिला बाढ़ में बह गई।

## सोनिया गाँधी काँग्रेस संसदीय दल की नेता चुनी गई राहुल को लोकसभा मे विपक्ष का नेता बनाए जा सकता है

खरगे ने सांसद के सन्ट्रल हाल में सोनिया के नाम का प्रस्ताव रखा।



सोनिया गांधी को कांग्रेस संसदीय दल का अध्यक्ष चुन लिया गया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संसद के सेंट्रल हॉल में पार्टी नेताओं की बैठक में सोनिया के नाम का प्रस्ताव रखा। गौरव गोगोई और तारिक अनवर ने इसका समर्थन किया।

इससे पहले कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक हुई। इसमें कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने का भी प्रस्ताव रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक ब्ॅ बैठक में यह संकेत भी मिला है कि राहुल वायनाड सीट छोड़कर रायबरेली सीट अपने पास रखेंगे। कांग्रेस महिला मोर्चा की अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा, भ्रष्टाचार के आरोप में केजरीवाल समेत बड़े नेताओं के जेल में होने और स्वाति मालीवाल से मारपीट की वजह से कांग्रेस पार्टी को गठबंधन से नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि पंजाब में हमने ।।च के साथ गठबंधन नहीं किया, इसका हमें सीधा फायदा हुआ है।




# डिजीटल संस्करण

# https://sbpatra.in

# पर उपलब्ध



## रीवा में दो ट्रकों में भिड़ंत के बाद चार लोग जिंदा जले, मची चीख पुकार, लगी आग; कटर से ट्रक को काटकर निकाले शव

*रीवा में दो ट्रकों की आमने–सामने की भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद ट्रकों में आग लग गई। हादसे में चार लोग जिंदा जल गए। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। इसके बाद कटर से ट्रक को काटकर शवों को बाहर निकाला जा सका। घटना शनिवार शाम 5रू30 बजे चोरहटा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 30 पर हुई। एक ट्रक उत्तरप्रदेश के प्रयागराज से सतना की तरफ आ रहा था। दूसरा ट्रक रीवा से प्रयागराज की ओर जा रहा था। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू चलाया। हाईवे पर दो ट्रकों में टक्कर हो गई थी। इससे सामान बाहर फैल गया। दो घंटे में निकाली जा सकी सिर्फ एक लाश – पुलिस के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ट्रकों के केबिन एक–दूसरे से फंस गए। शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। मौके पर तीन फायर ब्रिगेड और दो क्रेन मशीन बुलवाई गईं। करीब दो घंटे में एक लाश निकाली जा सकी है। शव बुरी तरह झुलस गए हैं। उनकी पहचान नहीं की जा सकी है। ट्रक के अंदर से सुनाई दी चीख – रीवा जोन के डीआईजी साकेत पांडे ने बताया कि रीवा बायपास पर हादसा हुआ है। केबिन एक–दूसरे में फंसने के कारण दिक्कत आई। भीड़ ने ट्रक में से कुछ लोगों की चीख सुनी थी। थोड़ी देर बाद आवाज शांत हो गई। ट्रक में और भी ज्यादा लोग हो सकते हैं। फिलहाल तलाश की जा रही है।*

## डीएवीवी पेपर लीक- प्रिंसिपल से होगी पूछताछरूअब तक तीन गिरफ्तार; अक्षय बम के कॉलेज की मान्यता खत्म करने की मांग

*इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में हुए पेपर लीक मामले में पुलिस 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस से बीजेपी में आए अक्षय बम के आइडिलिक कॉलेज से पेपर लीक होने की जानकारी सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई। पुलिस अब कॉलेज की प्रिंसिपल से पूछताछ करेगी। सवाल खड़े हो रहे हैं कि आरोपी कम्प्यूटर ऑपरेटर कैसे प्रिंसिपल के रूम तक पहुंच गया। प्रिंसिपल की इसमें मिलीभगत तो नहीं थी। इस बीच कॉलेज की मान्यता रद्द करने की मांग भी जोर पकड़ने लगी है। छोटी ग्वालटोली थाना प्रभारी उमेश यादव ने कहा, मामले में जांच की जा रही है। आइडिलिक कॉलेज की प्रिंसिपल से भी पूछताछ करेंगे।ये है पेपरलीक का पूरा मामला – डीएवीवी की एमबीए परीक्षा के पेपर पिछले महीने लीक हो गए थे। मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने आइडिलिक कॉलेज के ऑपरेटर दीपक पिता सुरेश सोलंकी, निवासी रंगवासा रोड को गिरफ्तार किया है। उसने कॉलेज प्रिंसिपल के रूम से पेपर के बंडल की सील लोहे के स्केल से तोड़कर पेपर निकाला और मोबाइल से फोटो खींचकर कॉलेज के एक छात्र को दो हजार रुपए में बेचा था। फिर छात्र ने इसे अपने साथी को वॉट्सएप पर भेजा। पुलिस ने स्टूडेंट धीरेंद्र नरवरिया को पकड़ा। धीरेंद्र कॉलेज में एमबीए प्रथम वर्ष का छात्र है। उससे जानकारी मिली कि उसके पास पेपर छात्र गौरव सिंह गौर के जरिए आया था।*

सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

## समाचार पत्र

## https://sbpatra.in/

## पर पढे

## खबरों के लिए लोगिंन करे

## https://sbpatra.in/

समाचार के लिए लोगिंन करें

**https://sbpatra.in/**

सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

## पाठक सामाचार पत्र को वेब / पोर्टल

**https://sbpatra.in/**

## पर निशुल्क डाउनलोड / पढ सकते है

सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

# https://sbpatra.in/

## समाचार के लिए लॉगिन करे।

## ताइवान की मोदी को बधाई पर चीन की नाराजगी कहा भारत वन चाइना पॉलिस का वादा न भुले ।

चीन ताइवान को चीन का ही हिस्सा मानता है चीन ताइवान से अलग नही



चीन ने ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग ते के मोदी को बधाई देने और उस पर च्ड के जवाब पर आपत्ति जताई है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने गुरुवार को कहा कि दुनिया में सिर्फ एक चीन है। ताइवान चीन का ही एक हिस्सा है। चीन ताइवान को अलग देश मानकर उससे रिश्ते रखने वाले देशों का विरोध करता है।

उन्होंने कहा कि दुनिया एक चीन के सिद्धांत को मानती है। इसी आधार पर वहदुनियाभर देशों के साथ संबंध बनाता है। भारत भी उन देशों में है जो वन चाइना पॉलिसी का समर्थन करता है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी को ताइवान के राष्ट्रपति की बधाई का विरोध करना चाहिए। भारत ताइवान से दूर रहे ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग ते ने प्रधानमंत्री मोदी को जीत पर बधाई दी थी। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा था कि भारत–ताइवान आपसी साझेदारी, व्यापार, टेक्नोलॉजी और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है ताकि इंडो पैसिफिक में शांति बन सके।

चीन – ताइवान के बीच विवाद क्यों?
चीन ताइवान को अपना ही हिस्सा मानता है। जबकि ताइवान खुद को एक स्वतंत्र देश मानता है। चीन इसलिए ताइवान पर कब्जा करना चाहता है। ऐसा करके चीन पश्चिमी प्रशांत महासागर इलाके में अपना दबदबा दिखाने के लिए आजाद हो जाएगा।

## तालिबान नो 63 लोगो को मोंरे कोडे जिसमे 14 महिलाएँ एक को फाँसी दी

समलैगिकता ओर अनैतिक सम्बंध को लैकर थे अपराधी।



अफगानिस्तान में तालिबान ने बुधवार को 14 महिलाओं सहित 63 लोगों को सार्वजनिक जगहों पर ले जाकर कोड़े मारे हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इन लोगों को समलैंगिकता, चोरी और अनैतिक संबंध बनाने का दोषी पाया गया था। महिलाओं को एक सार्वजनिक स्टेडियम में कोड़े मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने इस सजा की निंदा की है। इसे अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार नियमों के खिलाफ बताया है। तालिबान समलैंगिकता को इस्लाम के खिलाफ मानता है। उसने सरी पुल प्रांत में स्टेडियम में पहले लोगों को इकट्ठा किया था फिर कोड़े मारे। तालिबान लोगों को इस्लाम के रास्ते पर चलने को कहता है। साथ ही लोगों से ऐसा न करने पर सजा भुगतने की धमकी देता है।

अफगानिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने नही सुना आरोपियों का पक्ष
अफगानिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने पहले मामले में सुनवाई की। इस दौरान आरोपियों को अपना पक्ष रखने के लिए ज्यादा उचित समय नही दिया गया, न ही आरोपियों की बात सुनी और सीधे फैसला दे दिया।

## कनाडा में इन्द्रा गाँधी की हत्या की झाँकी निकाली , सिख गन मेन उन्हे गोली मारते दिखे , भारत ने माँगा जबाव

एस जयशंकर ने कनाडा को कहा कि लोकतंत्र मे अपनी बात कहने का हक है इसका मतलब ये नही की दुतावास पर बमबारी की जाए डिप्लोमेट्स को धमकाया जाए।




कनाडा में ऑपरेशन ब्लू स्टार की गुरुवार को 40 वीं बरसी पर इंदिरा गांधी की हत्या की झांकी निकाली गई। यह झांकी वैंकूवर में निकाली गई। इसमें इंदिरा गांधी का पुतला दिखाया गया था, जिसमें गोलियों से छलनी किया गया था। साथ ही उनके हत्यारे बेअंत सिंह और सतवंत सिंह को इंदिरा गांधी पर बंदूक ताने दिखाया गया। इसके बाद आज भारतीय अधिकारियों ने कहा है कि वे इस मुद्दे पर कनाडाई अधिकारियों से जवाब मांगेंगे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने मामले में एक लिखित शिकायत कनाडा को भेजने की बात कही है।पहले जानिए क्या था ऑपरेशन ब्लू स्टार – खालिस्तान समर्थक जरनैल सिंह भिंडरांवाले को पकड़ने के लिए 1984 मतत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के आदेश पर ऑपरेशन ब्लू स्टार चलाया गया था। वह अमृतसर के गोल्डन टेंपल में छिपा था। उसे पकड़ने के लिए 6 जून 1984 को सेना गोल्डन टेंपल और अकाल तख्त साहिब में घुसी और जरनैल सिंह को मार डाला। ऑपरेशन में गोल्डन टेंपल और अकाल तख्त साहिब को नुकसान पहुंचा था। इसकी वजह से सिखों में काफी गुस्सा था। इसके 4 महीने बाद 31 अक्टूबर 1984 को तब की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सुरक्षा में तैनात दो सिख जवानों ने गोलियां मारकर उनकी हत्या कर दी थी। इसके बाद दिल्ली में सिख विरोधी दंगे भड़क गए थे। कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में जून 2023 को इंदिरा गांधी की हत्या की झांकी निकाली गई। झांकी में ऑपरेशन ब्लू स्टार और 1984 के सिख विरोधी दंगों के बैनर भी थे।4 जून 2023 को खालिस्तानी समर्थकों की ओर से निकाले गए करीब 5 किलोमीटर लंबे नगर कीर्तन में यह झांकी दिखाई गई थी। 6 जून को ऑपरेशन ब्लू स्टार की 39वीं बरसी पर इस झांकी के फोटो–वीडियो पोस्ट किए गए थे। झांकी के वीडियो सामने आने के बाद कनाडा में ही इसका विरोध शुरू हो गया था। सोशल मीडिया पर झांकी के वीडियो अपलोड कर कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर एक्शन लेने की मांग के कैंपेन चल रहे थे।

जयशंकर ने कहा था, ष्कनाडा कहता है कि लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का हक है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि डिप्लोमैट्स को धमकाया जाए।किसी देश के दूतावास पर स्मोक बम फेंकना और हिंसा करना अभिव्यक्ति की आजादी नहीं है।

## तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर नरेन्द्र मोदी को आधी दुनियाँ से बधाई संदेश नेतन्याहु ने फोन पर की बात , जेलेस्की ने भी दी बधाई

अब तक ९० से ज्यादा वर्ल्ड लीडर्स मोदी को बधाई दे चुके है , अमेरीका विदेश विभाग ने भी मोदी को बधाई दी

लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे घोषित हो गए हैं। भाजपा बहुमत हासिल नहीं कर पाई। चुनाव से पहले ही विदेश दौरों को स्वीकार करने वाले नरेंद्र मोदी को सरकार बनाने के लिए दूसरी पार्टियों पर निर्भर हैं। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार पीएम बन सकते हैं। अगर वे एक बार फिर से पीएम बनते हैं तो वेजवाहरलाल नेहरू के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे पीएम होंगे।मोदी को दुनिया भर से बधाई संदेश मिलने शुरू हो गए हैं। अब तक 90 से ज्यादा वर्ल्ड लीडर्स सोशल मीडिया और लेटर्स के जरिए मोदी को बधाई दे चुके हैं। इनमें बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना से लेकर साउथ कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक यिओल तक शामिल हैं। अमेरिका ने पीएम मोदी को लगातार तीसरी बार जीत के लिए बधाई दी है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक स्टेटमेंट में कहा कि पीएम मोदी और उनके गठबंधन की लोकसभा चुनाव में तीसरी बार जीत के लिए बधाई। इस चुनाव में करीब 65 करोड़ लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया।

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीया अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है । - सम्पादक मधुसूदन शर्मा